Tirupati Starch & Chemicals Limited

Regd. Office: Shree Ram Chambers, 1st Floor, 12 Agrawal Nagar, Main Road, Indore (M.P.) 452001
Phones: 0731-4905001, 4905002, E-mail: tirupati@tirupatistarch.com
Works: Village-Sejwaya, Ghata Billod, Dist. Dhar – 454773 (M.P.)

Date: 21st October, 2026

TIRUSTA/SE/2026-27

To,
The General Manager,
Dept. of Corporate Services – CRD
BSE Limited
Phiroze Jeejeebhoy Towers,
Dalal Street, Mumbai- 400 001

Security ID: TIRUSTA; Security Code: 524582 & ISIN: INE314D01011

Ref.:- SEBI Circular No.- HO/38/13/11(2)2026-MIRSD-POD/I/3750/2026 dated January 30, 2026

Subject:-Submission of Newspaper Publication regarding Ease of Doing Investment - Special Window for Transfer and Dematerialisation of Physical Securities

Dear Sir/Ma'am,

Pursuant to Regulation 30 of Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations 2015, please find enclosed herewith the Newspaper Publication regarding *Ease of Doing Investment - Special Window for Transfer and Dematerialisation of Physical Securities* till 04.02.2027, as published yesterday i.e. on 20.10.2026 in Free Press Journal (English Edition) and Chautha Sansar (Hindi Edition) Newspapers.

You are requested to please take the same on your record.

Thanking you.

Yours Sincerely,
For, Tirupati Starch & Chemicals Limited
SOURABH VISHNOI Digitally signed by SOURABH VISHNOI Date: 2026.10.21 10:49:12 +05'30'
Sourabh Vishnoi
(Company Secretary cum Compliance Officer)
M. No.: A57433

Enclosure: As above

पीएम मोदी के नेतृत्व में शक्ति और सामर्थ्य से सार्थक हो रहा है भारत : डॉ. मोहन यादव

विजयादशमी सत्य की शक्ति और शक्ति की सार्थकता का महापर्व है। यह भारतीय चेतना का वह प्रकाश है, जो हमें विश्वास दिलाता है कि अन्याय कितना भी प्रबल हो, प्रतिकार का संकल्प उससे बड़ा होता है। असत्य का वैभव क्षणिक है, सत्य का सामर्थ्य शाश्वत। भगवान श्रीराम की विजय इसी विश्वास की प्रतिष्ठा है। यह पर्व हमें सिखाता है कि सत्य के प्रति आस्था के साथ उसकी रक्षा का साहस भी आवश्यक है। न्याय की कामना तभी फलित होती है, जब समाज उसके लिए खड़ा होने का संकल्प लेता है।

भगवान श्रीराम के देश में शक्ति की आराधना का उद्देश्य सदैव लोकमंगल रहा है। श्रीराम का धनुष पीड़ितों के लिए आश्वासन और अत्याचारियों के लिए चेतावनी है। उनका पराक्रम मयार्दा से प्रेरित है और उनका प्रत्येक संकल्प जनकल्याण के लिए समर्पित है। उन्होंने वनवास के कठिन मार्ग पर समाज के विभिन्न वर्गों को साथ लेकर यह सिद्ध किया कि विश्वास, संगठन और सामूहिक पुरुषार्थ से बड़ी से बड़ी चुनौती पर विजय प्राप्त की जा सकती है। यही हमारी सांस्कृतिक चेतना का आधार और राष्ट्रनिर्माण का मार्ग है। विजयादशमी पर शस्त्र-पूजन इसी चेतना की अभिव्यक्ति है। शस्त्रों



का पूजन करते हुए हम शक्ति के विवेकपूर्ण उपयोग और उसके साथ जुड़े उत्तरदायित्व को स्वीकार करते हैं। हम संकल्प लेते हैं कि हमारा बल निर्बल की रक्षा करे, हमारा साहस अन्याय के विरुद्ध खड़ा हो और हमारा पराक्रम मानवता के कल्याण में समर्पित रहे। शस्त्र धारण करने वाले हाथों में संयम और निर्णय लेने वाले मन में संवेदना हो यही इस परंपरा का संदेश है। मयार्दा से अनुशासित शक्ति ही समाज का विश्वास बनती है। आज यही भाव भारत के राष्ट्रीय आत्मविश्वास में दिखाई देता है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्र की सुरक्षा के प्रति दृढ़ संकल्प और भारतीय सशस्त्र बलों का अदम्य पराक्रम देशवासियों को गर्व से भरता है। भारत शांति, सहयोग और सह-अस्तित्व में विश्वास रखता है। अपनी संप्रभुता, स्वाभिमान और नागरिकों की सुरक्षा के लिए आवश्यक निर्णय लेने का उसका संकल्प भी उतना ही अटल है। हमारी शांतिप्रियता को हमारे सामर्थ्य का संबल प्राप्त है। सजग और समर्थ भारत विश्वशांति के प्रति अपने दायित्व को भी दृढ़ता से निभा सकता है।

ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सशस्त्र बलों ने आतंकवादी ढांचों के विरुद्ध सटीक कार्रवाई कर साहस, कौशल और सैन्य दक्षता का परिचय दिया। हमारे वीर जवानों ने अपने पराक्रम से राष्ट्र के सुरक्षा संकल्प को साकार किया। यह शौर्य प्रत्येक भारतीय के लिए गौरव और विश्वास का विषय है। विजयादशमी पर हम अपने सैनिकों को नमन करते हुए उस कर्तव्यनिष्ठा से प्रेरणा लें, जिसके लिए राष्ट्र की रक्षा सर्वोपरि है। देश का सम्मान सुरक्षित रखने वाले इन प्रहरियों के प्रति हमारी कृतज्ञता हमारे आचरण में भी दिखाई देनी चाहिए। सीमा पर तैनात सैनिक का जीवन त्याग और तपस्या की जीवंत गाथा है। जब हम अपने परिवार के साथ पर्व मनाते हैं, तब वह अपने परिवार से दूर हमारी सुरक्षा में तैनात रहता है। हमारे घरों का उत्सव उसकी चौकसी के विश्वास पर टिका है। उसके साथ उसके परिवार का धैर्य और समर्पण भी वंदनीय है। सैनिकों, वीर नारियों और सैन्य परिवारों का सम्मान हमारी राष्ट्रीय चेतना का अभिन्न अंग होना चाहिए। उनके त्याग का स्मरण हमें अपने नागरिक दायित्वों के प्रति अधिक सजग बनाता है। मध्यप्रदेश में सुशासन के हमारे प्रयासों का केंद्र भी नागरिकों का सम्मान, सुरक्षा और कल्याण है। माताओं-बहनों को निर्भय वातावरण मिले, युवाओं को प्रतिभा निखारने के अवसर मिलें, किसानों का परिश्रम समृद्धि में बदले और जरूरतमंद तक शासन का सहयोग पहुंचे–यही हमारा संकल्प है। शासन के सामर्थ्य की वास्तविक कसौटी अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के जीवन में आने वाला सकारात्मक परिवर्तन है। जब नागरिक को समय पर न्याय, सहज सेवा और आगे बढ़ने का अवसर मिलता है, तब रामराज्य की भावना लोकजीवन में आकार लेती है। विजयादशमी हमें अपने भीतर झांकने का अवसर भी देती है। रावण दहन के साथ अहंकार, लोभ, भेदभाव और कर्त्तव्य के प्रति उदासीनता से मुक्ति का संकल्प आवश्यक है। ईमानदारी को व्यवहार में, सद्भाव को संबंधों में और अनुशासन को दिनचर्या में स्थान देना होगा। समाज की एकता हमारी सबसे बड़ी शक्ति है। प्रत्येक नागरिक का सम्मान और राष्ट्रहित के प्रति साझा समर्पण भारत को अजेय आत्मबल प्रदान करता है। आइए, इस विजयादशमी पर शस्त्र-पूजन के साथ अपने संकल्पों को भी नई धार दें। भगवान श्रीराम की मयार्दा, मां दुर्गा की शक्ति और वीर सैनिकों का साहस हमारा पथ प्रकाशित करे। हम सत्य के पक्ष में खड़े हों, न्याय के लिए कार्य करें और अपने कर्तव्य से राष्ट्र को सशक्त बनाएं। शक्ति से सुरक्षा, सामर्थ्य से समृद्धि और सत्य से विजय–इसी संकल्प के साथ भारत का गौरवशाली भविष्य गढ़ें। सभी प्रदेशवासियों को विजयादशमी की हार्दिक मंगलकामनाएं। **(लेखक-मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री हैं।)**

विजयादशमी आज... प्रदेशभर में शस्त्र पूजन

मुख्यमंत्री डॉ.यादव आज इंदौर में करेंगे शस्त्र-पूजन

भोपाल,(निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा है कि शस्त्र-पूजन भारतीय सेना के पराक्रम, सुरक्षा और स्वतंत्रता के प्रति सम्मान का प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भगवान श्रीराम के देश में शक्ति के प्रतिमान गढ़े जा रहे हैं। विजयादशमी पर प्रदेशभर में आयोजित शस्त्र-पूजन कार्यक्रमों के आयोजन का उद्देश्य राष्ट्र की सुरक्षा, सैन्य सामर्थ्य और आत्मनिर्भरता के प्रति सम्मान तथा नागरिकों में राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति विश्वास को सुदृढ़ करना है।

बता दें विजयादशमी के अवसर पर मंगलवार को मध्यप्रदेश सरकार की ओर से प्रदेशभर में शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव इंदौर में शस्त्र पूजन करेंगे, जबकि विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ग्वालियर में इस परंपरा में शामिल होंगे। प्रदेश के 31 जिलों में मंत्री शस्त्र पूजन कार्यक्रमों में भाग लेंगे। वहीं, शेष 24 जिलों में कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक कार्यक्रम की जिम्मेदारी संभालेंगे। राजधानी भोपाल में कैबिनेट मंत्री विश्वास सारंग शस्त्र पूजन करेंगे। उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल रीवा और उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा मंदसौर में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होंगे। कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय धार, प्रहलाद सिंह पटेल नरसिंहपुर, राकेश सिंह जबलपुर और करण सिंह वर्मा सीहोर में शस्त्र पूजन करेंगे। इसके अलावा उदय प्रताप सिंह नर्मदापुरम में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे।

शक्ति, साहस और सुरक्षा का प्रतीक है शस्त्र पूजन-विजयादशमी से एक दिन पहले मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने शस्त्र पूजन की परंपरा को देश की सैन्य शक्ति, सुरक्षा और स्वतंत्रता के प्रति सम्मान का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि विजयादशमी पर शस्त्र पूजन शक्ति, साहस, आत्मरक्षा और अन्याय के खिलाफ खड़े होने के संकल्प से जुड़ा है। प्रदेश सरकार की ओर से आयोजित इन कार्यक्रमों का उद्देश्य पारंपरिक मान्यताओं के साथ शस्त्रों के महत्व और सुरक्षा के प्रति जागरूकता को रेखांकित करना है। दशहरा बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक माना जाता है। इसी संदेश के साथ शस्त्र पूजन की परंपरा धर्म, न्याय और समाज की रक्षा के संकल्प को अभिव्यक्त करती है। प्रदेशभर में आयोजित होने वाले इन कार्यक्रमों के जरिए विजयादशमी पर सांस्कृतिक परंपराओं और राष्ट्र की सुरक्षा के प्रति सम्मान का संदेश दिया जाएगा।

एक नजर



भोपाल। राज्यपाल मंगुभाई पटेल सोमवार को नवरात्रि के महानवमी के अवसर पर लोकभवन में कन्यापूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने लोकभवन स्थित मंदिर परिसर में माँ दुर्गा की पूजा-अर्चना की। कन्याओं का तिलक लगाकर पूजन कर मिष्ठान और उपहार भेंट किए।

दूध उत्पादन में नंबर-1 बनने की तैयारी

गोपालकों को मिलेगा एक लाख रुपये तक का पुरस्कार

भोपाल,(निप्र)। मध्य प्रदेश को दूध उत्पादन के मामले में देश का नंबर-1 राज्य बनाने के लक्ष्य के साथ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सरकार ने गोपालकों को प्रोत्साहित करने की पहल की है। गोपालकृ ा ग्राम पुरस्कार योजना के तहत बेहतर दूध उत्पादन करने वाले पशुपालकों को एक लाख रुपये तक का पुरस्कार दिया जाएगा। सरकार का लक्ष्य अगले पांच साल में प्रदेश के दूध उत्पादन में 20 प्रतिशत तक वृद्धि करना है।

योजना के लिए पांच वर्षों में कुल 35 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया गया है। इसके तहत हर साल लगभग सात करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। सरकार को उम्मीद है कि आर्थिक प्रोत्साहन से ग्रामी ा क्षेत्रों में पशुपालन को बढ़ावा मिलेगा और गोपालकों की आमदनी में भी इजाफा होगा। पहले पुरस्कार में एक लाख रुपये योजना के तहत प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल करने वाले गोपालक को एक लाख रुपये, दूसरे स्थान पर आने वाले को 50 हजार रुपये और तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले को 25 हजार रुपये दिए जाएंगे। इसका उद्देश्य बेहतर नस्ल के पशुओं, उनकी उचित देखभाल और दूध उत्पादन बढ़ाने के प्रति पशुपालकों को प्रोत्साहित करना है।313 गांवों में होगी प्रतियोगिता प्रदेश के 313 वृंदावन गांवों में प्रतियोगिता आयोजित करने की योजना है। इसमें पंजीकृत गोपालक हिस्सा ले सकेंगे, जिनकी गाय कम से कम छह लीटर दूध देती है। ब्लॉक स्तर पर गांवों के चयन की व्यवस्था भी की जा रही है।

ग्रामी ा अर्थव्यवस्था को मिलेगी मजबूती सरकार की यह पहल दूध उत्पादन बढ़ाने के साथ ग्रामी ा अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में अहम मानी जा रही है। यदि योजना प्रभावी ढंग से लागू होती है,

कांग्रेस दशहरा पर ज्ञानेश कुमार का जलायेगी पुतला

भोपाल,(निप्र)। मध्य प्रदेश में कांग्रेस ने वोट चोरी के आरोपों को लेकर अपने आंदोलन को तेज करने की तैयारी शुरू कर दी है। पार्टी दशहरे पर रावण दहन के बजाय मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन करने की योजना बना रही है। इस संबंध में जिला अध्यक्षों और प्रभारियों की बैठक में निर्देश दिए गए। हालांकि, यह कांग्रेस की प्रस्तावित विरोध रणनीति है और वोट चोरी के आरोपों को स्थापित तथ्य नहीं माना जा सकता।

बैठक में 1 नवंबर को दिल्ली में होने वाली इंडिया गठबंधन की रैली में अधिक से अधिक कार्यकताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। कांग्रेस इस कार्यक्रम के जरिए चुनाव प्रक्रिया से जुड़े अपने आरोपों को राष्ट्रीय स्तर पर उठाना चाहती है। इसके साथ ही 26 नवंबर को दिल्ली में प्रस्तावित बड़े कार्यक्रम की तैयारियों पर भी चर्चा हुई। मध्य प्रदेश के जिला अध्यक्षों को कार्यकर्ताओं और समर्थकों को जुटाने का लक्ष्य दिया गया है।

खेड़ापति लोक का लोकार्पण

आष्टा,(निप्र)। नगर के इतिहास में पहली बार और वर्षों के लंबे अंतराल के बाद, नगरपालिका द्वारा एक ऐतिहासिक सौगात देते हुए प्राचीन खेड़ापति कमल तालाब का भव्य सुदृढ़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण कर खेड़ापति लोक का विकास किया गया है। इस ऐतिहासिक परियोजना के तहत भव्य एवं आकर्षक तोरण द्वार, चौड़ी, सुगम सड़कें, सुरक्षा और सुंदरता के लिए रेलिंग, पाल की सुव्यवस्थित पिचिंग, पेवर्स ब्लॉक स्थापना और आधुनिक विद्युतीकरण के कार्य संपन्न कराए गए हैं। इन सभी निर्माण कार्यों को पूरा करते हुए एक अत्यंत भव्य खेड़ापति कॉरिडोर नगर को समर्पित किया गया है, जिसका आज भव्य लोकार्पण संपन्न हुआ।



खेड़ापति कमल तालाब के सौंदर्यीकरण कार्यो का लोकार्पण श्रीमती सीतानारायण मेवाड़ा के मुख्य आतिथ्य एवं पत्रकार सुधीर पाठक, खेड़ापति मंदिर के पुजारी महेश गिरी गोस्वामी, नपाध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर मेवाड़ा, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, नपाउपाध्यक्ष प्रतिनिधि भूरू खां, नगर भाजपा मंडल अध्यक्ष अंजनी चौरसिया, पार्षदगण तेजसिंह राठौर, सुभाष नामदेव, कमलेश जैन, रवि शर्मा, तेजपाल कल्लू मुकाती, रूपेश राठौर, सोनू गुणवान, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ऋतु जैन की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर सीएमओ विनोदकुमार प्रजापति, सकल समाज अध्यक्ष नरेन्द्र कुशवाह, रविन्द्र रांका, नगीन जैन, प्रदीप धाड़ीवाल, कैलाश सोनी जयश्री, हुकुम वोहरा, आनंद पोरवाल, चंदा वोहरा, चंदनबाला वोहरा आदि उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ.यादव के नेतृत्व नए पक्के आवासों में गृह प्रवेश

भोपाल,(निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के जन-कल्याणकारी नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार प्रदेश के प्रत्येक नागरिक के सर्वांगीण विकास और सामाजिक सुरक्षा के लिए निरंतर संकल्पबद्ध है। मानव जीवन में स्वयं के एक सुदृढ़ एवं पक्के आवास का होना मात्र एक भौतिक आवश्यकता नहीं, अपितु आत्मसम्मान, सुरक्षा और स्थायित्व का आधार है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के मार्गदर्शन में राज्य सरकार ने ह्यप्रधानमंत्री आवास योजनाह्न का प्रभावी क्रियान्वयन कर अब तक 10 लाख से अधिक जरूरतमंद परिवारों को पक्के आवास उपलब्ध कराकर उनके जीवन में अभूतपूर्व खुशहाली एवं नई दिशा प्रदान की है। विजयादशमी दशहरा के शुभ अवसर पर 20 अक्टूबर को मध्यप्रदेश के समस्त नगरीय निकायों में ह्यगृह प्रवेश दिवसह्न मनाया जाएगा। इसके अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत स्वीकृत ऐसे हितग्राही, जिनके आवास पूर्ण हो चुके हैं, वे अपने नवनिर्मित एवं पूर्णतः सुसज्जित आवासों में परिवार सहित वैदिक परंपरा के अनुसार गृह प्रवेश करेंगे। विजयादशमी का यह मंगल पर्व प्रदेश के हजारों परिवारों के जीवन में नई खुशियाँ लेकर आ रहा है। राज्य सरकार द्वारा सभी नगरीय निकायों को गृह प्रवेश दिवस अभियान के अंतर्गत सभी पूर्ण आवासों में गृह प्रवेश सुनिश्चित करने एवं आवश्यक व्यवस्थाएँ करने के लिये निर्देशित किया गया

कोलार दशहरा उत्सव में शामिल होंगे मुख्यमंत्री

105 फीट के रावण के पुतले का होगा दहन

भोपाल,(निप्र)। राजधानी भोपाल सहित प्रदेश भर में 20 अक्टूबर को दशहरा पर्व धूम-धाम से मनाया जाएगा। दशहरे पर प्रदेश का सबसे बड़ा रावण दहन का कार्यक्रम भोपाल के कोलार में होने जा रहा है। यहां करीब 105 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। इसके अलावा भोपाल के जंबूरी मैदान में 101 फीट के रावण का पुतला दहन किया जाएगा। रावण के साथ कुंभकर्ण, मेघनाद के भी विशाल पुतले आकर्षण का केन्द्र रहेंगे।

राजधानी भोपाल में एक दर्जन स्थानों पर रावण दहन के बड़े आयोजन होने जा रहे हैं। इनमें सबसे पुरान रावण दहन कार्यक्रम भोपाल के छोला दशहरा मैदान पर होगा। जहां पिछले करीब 80 साल से दशहरा पर रावण के पुतला दहन का कार्यक्रम होता आ रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी कई कार्यक्रम में शामिल होंगे। बीजेपी जिला अध्यक्ष और कोलार हिंदू उत्सव समिति के सचिव रविन्द्र यती ने बताया कि ह्लकोलार में प्रदेश का सबसे बड़ा दशहरा महोत्सव और 105 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। इस मौके पर हनुमान अंश फिल्म के भजन गायक सुनील लोधी अपनी प्रस्तुति देंगे। इसके अलावा मुंबई का मशहूर रूट्स नादात्म बैंड भी संगीतमय प्रस्तुति से लोगों का उत्साह बढ़ाएगा।

विदिशा में चलती बाइक से कूदने पर बुजुर्ग महिला घायल

गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती, विदिशा में खेत से लौटते समय हुआ हादसा

विदिशा,(निप्र)। पगनेश्वर गांव के पास चलती बाइक से छलांग लगाने के कारण 55 वर्षीय महिला घायल हो गईं। ढकना निवासी लक्ष्मीबाई को गंभीर चोटें आई हैं। उन्हें पहले सांची अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत को देखते हुए विदिशा जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। यहां डॉक्टरों की निगरानी में उनका इलाज चल रहा है।

खेत से घर लौटते समय हुआ हादसा

जानकारी के अनुसार, लक्ष्मीबाई खेत से लौट रही थीं। वह किसी व्यक्ति की बाइक पर बैठकर घर जा रही थीं। इसी दौरान पगनेश्वर के पास उन्होंने बाइक रुकने से पहले ही चलती गाड़ी से छलांग लगा दी। इसके बाद परिजन उन्हें सांची अस्पताल लेकर पहुंचे।

बाइक से कूदने की वजह स्पष्ट नहीं

जिला अस्पताल में महिला के साथ उनके दामाद लेखराम मेहरा मौजूद थे। उन्होंने बताया कि लक्ष्मीबाई घर लौटते समय घायल हुईं। महिला ने चलती बाइक से छलांग क्यों लगाई, इसका कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है।



श्री शीतलनाथ भगवान के चार कल्याणक भूमि पर वार्षिक महामहोत्सव

उदयगिरि नसियाजी पर हुआ महा मस्तकाभिषेक व चढ़ाया निर्वाण लाडू

विदिशा,(निप्र)। इस वर्ष भी श्री शीतलनाथ भगवान के चार कल्याणक भूमि भद्दलपुर उदयगिरि पर वार्षिक मेले का भव्य आयोजन सम्पन्न हुआ। प्रवक्ता डॉ मक्खन लाल जैन द्वारा बताया गया कि 19 तारीख दिन सोमवार शीतल अष्टमी के पावन पर्व पर श्री शीतलनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक महा महोत्सव बड़े ही धूम धाम से मनाया गया।

सुबह 7 बजे से श्री शीतलनाथ दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर किले अंदर में 1008 श्री शीतलनाथ भगवान का अभिषेक ,पूजन व निर्वाण लाडू चढ़ाया गया।प्रातः 9 बजे से जिसके पश्चात उदयगिरि नसिया जी मे चांदी की पालकी में श्री जिनेंद्र शोभायात्रा पहाड़ तक निकाली गई।जिसमें बड़ी संख्या ने श्रद्धालुओं ने भक्ति संगीत से नृत्य गान करते हुए निकली।जो वापिस नसिया जी पहुंची,जिसके उपरांत ध्यावजारोहण कर्ता पं शिखरचंद जैन ,संजय,राजीव,आलोक परिवार को प्राप्त हुआ।जिसके पश्चात पं शुभम शास्त्री ज्ञानोदय तीर्थ प्राचार्य दीवानगंज द्वारा आध्यात्मिक स्वाध्याय कराया गया,जिसमें उन्होंने इस्टोपदेश की गाथा पर प्रवचन किया।जिसके प्रश्चात बा ब्र अमित भैया द्वारा महा मस्तकाभिषेक ,पूजन व निर्वाण लाडू का कार्यक्रम सानंद सम्पन्न हुआ।जिसमें प्रथम कलश पं शिखरचंद जैन अलंकार परिवार, द्वितीय एड अनुभव जैन,एड चक्रवर्ती जैन,संजय जैन,तृतीय सतेंद्र लश्करी परिवार, चतुर्थ डॉ एम एल जैन,जैन ऑप्टिकल्स परिवार, पांचवी शिखरचंद जैन एमपीईबी परिवार को प्राप्त हुआ।



SUNDARAM FINANCE
Enduring values. New age thinking.

vehicle for sale
Asset class-TRACTOR
Make- EICHER (TAFE)
Type: EICHER 485
Model-2025
RC no. MP-45-ZJ-9821
Engine no. 535823755824
Chassis no. 935911560194
SUNDARAM FINANCE LTD.
WARD NO.1 NEAR GUPTA HP PETROL
PUMP BADI CHOPATI, BADNAWAR - 454660
CONTACT-9109996985, 9109193799

तिरुपति स्टार्च एंड केमिकल्स लिमिटेड
सीआईएन: L15321MP1985PLC003181
पंजीकृत कार्यालय: श्री राम चेम्बर्स, 12, अग्रवाल नगर मेनरोड, इंदौर-452001 (म.प्र.) संपर्क: 0731-4905001, 4905002
ई-मेल: tirupati@tirupatistarch.com, वेबसाइट: www.tirupatistarch.com

शेयरधारकों के लिए सूचना
निवेश सुगमता-भौतिक प्रतिभूतियों के हस्तांतरण और डिमटेरियलाइजेशन (डीमैट) हेतु विशेष विंडो के संबंध में

एतद् द्वारा शेयरधारकों को सूचित किया जाता है कि निवेशकों को उनकी प्रतिभूतियों (Securities) तक उचित पहुँच प्राप्त करने में और अधिक सुविधा प्रदान करने के लिए, सेबी (SEBI) ने अपने परिपत्र संख्या HO/38/13/11(2)2026-MIRSD-POD/I/3750/2026 दिनांक 30 जनवरी, 2026 के माध्यम से, 'भौतिक प्रतिभूतियों के हस्तांतरण और डिमटेरियलाइजेशन के लिए विशेष विंडो' के संबंध में, उन भौतिक प्रतिभूतियों के हस्तांतरण और डिमटेरियलाइजेशन ("डीमैट") के लिए एक और विशेष (स्पेशल) विंडो खोलने का निर्णय लिया है जो 01 अप्रैल, 2019 से पहले बेची/खरीदी गई थी। यह विशेष विंडो 05 फरवरी, 2026 से 04 फरवरी, 2027 तक एक वर्ष की अवधि के लिए खुली रहेगी। शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे ऐसे मामलों को पुनः 4 फरवरी, 2027 तक, कंपनी के रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट (RTA) - मेसर्स अंकित कंसल्टेंसी प्राइवेट लिमिटेड, 60, इलेक्ट्रॉनिक कॉम्प्लेक्स, परदेशीपुरा, इंदौर (म.प्र.)-452010 के पास पुनः दाखिल करें। संपर्क: 0731-4065799, 4065797, 4949444; ईमेल: investor@ankitonline.com
कृपया आवेदन की प्रयोज्यता (Applicability) के संबंध में नीचे दिए गए मैट्रिक्स को देखें।

हस्तांतरण विलेख (Transfer Deed) के निष्पादन की तिथि	क्या 01 अप्रैल, 2019 से पहले हस्तांतरण के लिए प्रस्तुत किया गया था?	क्या मूल प्रतिभूति प्रमाण पत्र (Original Security Certificate) उपलब्ध है?	क्या वर्तमान विंडो में प्रस्तुत करने के लिए पात्र हैं?
01 अप्रैल, 2019 से पहले	नहीं (यह नया मामला/ फ्रेश लॉजमेंट है)	हाँ	हाँ
01 अप्रैल, 2019 से पहले	हाँ (इसे पहले अस्वीकार/ वापस कर दिया गया था)	हाँ	हाँ
01 अप्रैल, 2019 से पहले	हाँ	नहीं	नहीं
01 अप्रैल, 2019 से पहले	नहीं	नहीं	नहीं

कृपया ध्यान दें कि इस स्पेशल विंडो के तहत सिर्फ़ उन अनुरोधों पर ही विचार किया जाएगा जिनके साथ ओरिजिनल सर्टिफिकेट, ट्रांसफर डीड और आवश्यक सपोर्टिंग डॉक्यूमेंट्स होंगे। इस तरह ट्रांसफर की गई सिक्योरिटीज़ (शेयर्स) को सिर्फ़ डीमैट मोड में ही ट्रांसफरी को क्रेडिट किया जाएगा और वे ट्रांसफर के रजिस्ट्रेशन की दिनांक से एक वर्ष के लिए लॉक-इन रहेंगी। इन सिक्योरिटीज़ को लॉक-इन अवधि के दौरान ट्रांसफर/लियन-मार्क/प्लेज नहीं किया जा सकेगा।

दिनांक: 19.10.2026
स्थान: इंदौर
तिरुपति स्टार्च एंड केमिकल्स लिमिटेड की ओर से
सौरभ विशनोई (कम्पनी सचिव)
स.सं.: A57433

VIJI Finance Limited
विजी फाइनेंस लिमिटेड
CIN: L65192MP1994PLC008715
पंजीकृत कार्यालयः 11/2, उषागंज जावरा कंपाउंड, इंदौर (म.प्र.) – 452001
फोनः 0731–4246092, ईमेलः info@vijifinance.com, वेबपोर्टलः www.vijifinance.com

डाक मतपत्र एवं दूरस्थ ई–वोटिंग संबंधी सूचना

विजी फाइनेंस लिमिटेड ("कंपनी") के सदस्यों को सूचित किया जाता है कि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 एवं 110 ("अधिनियम") तथा कंपनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20 एवं 22 और सामान्य बैठकों पर सचिवीय मानक ("SS-2") के साथ–साथ कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा जारी सामान्य परिपत्र सं. 14/2020 दिनांक 8 अप्रैल, 2020, 17/2020 दिनांक 13 अप्रैल, 2020 तथा अन्य प्रासंगिक परिपत्रों, जिसमें सामान्य परिपत्र सं. 03/2025 दिनांक 22 सितंबर, 2025 शामिल है ("MCS" परिपत्र), तथा सेबी (लिस्टिंग दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 (SEBI LOADER विनियम) के विनियम 44 के अनुसार (समय–समय पर किए गए संशोधन/प्रतिस्थापन सहित), नीचे उल्लिखित प्रस्ताव पर कंपनी के सदस्यों की सहमति प्राप्त करने हेतु केवल दूरस्थ ई–वोटिंग (इलेक्ट्रॉनिक माध्यम) के माध्यम से डाक मतपत्र सूचना दिनांक 14 अक्टूबर, 2026 को ई–मेल के द्वारा 19 अक्टूबर, 2026 को उन सभी सदस्यों को भेजी गई है जिनके ईमेल पते कंपनी या रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट ("RTA") या उनके संबंधित डिपॉजिटरी/डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट ("DP") के पास पंजीकृत हैं तथा जिनका नाम 16 अक्टूबर, 2026 (कट–ऑफ तिथि) को कंपनी के सदस्यों के रजिस्टर या डिपॉजिटरी द्वारा संधारित लाभकारी स्वामियों के रजिस्टर में दर्ज है :

मद संख्या	प्रस्ताव	विवरण
1	साधारण प्रस्ताव	कंपनी के पूर्व वैधानिक लेखा परीक्षक M/s. Dharmendra K. Agarwal & Co., चार्टर्ड अकाउंटेंट्स (फर्म पंजीकरण संख्या 025525C) के त्यागपत्र के कारण उत्पन्न आकस्मिक रिक्ति को भरने हेतु M/s. DDS & Assocoates, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स (फर्म पंजीकरण संख्या 120362W) की कंपनी के वैधानिक लेखा परीक्षक के रूप में नियुक्ति को मंजूरी।

डाक मतपत्र सूचना तथा मतदान के निर्देश कंपनी की वेबसाइट www.vijifinance.com, सेंटल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड की वेबसाइट www.evotingindia.com तथा पर स्टॉक एक्सचेंज अर्थात बीएसई लिमिटेड की वेबसाईट www.bseindia.com एवं एनएसई लिमिटेड की वेबसाईट www.nseindia.com एवं कलकत्ता स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड की वेबसाईट www.cse-india.com पर भी उपलब्ध हैं। जो शेयरधारक कट–ऑफ तिथि पर शेयर रखते हैं और जिन्हें उपरोक्त सूचना ईमेल द्वारा प्राप्त नहीं हुई है वे उपरोक्त वेबसाइट से इसे डाउनलोड कर सकते हैं या कंपनी/RTA को ईमेल लिखकर इसकी प्रति प्राप्त कर सकते हैं।
MCA परिपत्रों के अनुसार, इस डाक मतपत्र प्रकिया के लिए डाक मतपत्र सूचना, फॉर्म तथा प्री–पेड लिफाफा भौतिक रूप से नहीं भेजा गया है और शेयरधारक को अपनी सहमति या असहमित केवल दूरस्थ ई–वोटिंग प्रणाली के माध्यम से ही देनी होगी।
कंपनी सभी सदस्यों को ई–वोटिंग सुविधा प्रदान कर रही है ताकि वे इलेक्ट्रॉनिक रूप से मतदान कर सकें। इस हेतु कंपनी ने CDSL को नियुक्त किया है। मतदान अधिकार कट–ऑफ तिथि पर सदस्य के नाम दर्ज चुकता शेयरों के मूल्य के आधार पर निर्धारित होंगे। जो व्यक्ति उस तिथि पर सदस्य नहीं हैं, वे इस सूचना को केवल जानकारी हेतु माने।
ई–मतदान द्वारा पोस्टल बैलट पर मतदान की सुविधा निम्नलिखित अवधि के लिए उपलब्ध होगी :–

मतदान का आरम्भ :	सोमवार, 26 अक्टूबर, 2026 (प्रातः 09:00 बजे से भारतीय समयानुसार)
मतदान की समाप्ति :	मंगलवार, 24 नवंबर, 2026 (शाम 05:00 बजे तक भारतीय समयानुसार)

इस अवधि के दौरान, 16 अक्टूबर, 2026 (कट–ऑफ तिथि) को कंपनी के सदस्य, चाहे उनके शेयर भौतिक रूप में हों या डिमैट रूप में वे इलेक्ट्रॉनिक रूप से मतदान कर सकते हैं। 24 नवंबर, 2026 को शाम 5:00 बजे के बाद ई–वोटिंग की अनुमित नहीं होगी। इसके बाद CDSL द्वारा ई–वोटिंग मॉड्यूल निष्क्रिय कर दिया जाएगा। एक बार सदस्य द्वारा मतदान करने के बाद उसमें कोई परिवर्तन नहीं किया जा सकेगा।
कंपनी ने श्री एल. एन. जोशी, प्रैक्टिसिंग कंपनी सेक्रेटरी, इंदौर (सदयता संख्या F 5201, प्रैक्टिस प्रमाणपत्र संख्या 4216) को इस प्रकिया का कि निष्पक्ष एवं पारदर्शी निगरानी हेतु स्क्रूटिनाइज़र नियुक्त किया है
डाक मतपत्र/ई–वोटिंग के परिणाम गुरूवार, 26 नवंबर, 2026 तक घोषित किए जाएंगे। परिणाम तथा स्क्रूटिनाइज़र की रिपोर्ट कंपनी की वेबसाइट www.vijifinance.com, CDSL की वेबसाइट www.evotingindia.com, BSE की वेबसाइट www.bseindia.com, NSE की वेबसाइट www.Nseindia.com, एवं कलकत्ता स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड की वेबसाइट www-cse-india.com पर उपलब्ध होंगें।
जिन शेयरधारकों का ईमेल पता उपलध नहीं होने के कारण उन्हें सूचना नहीं भेजी जा सकी, उनके लिए कंपनी ने RTA के साथ मिलकर ई–मेल पंजीकरण की व्यवस्था की है।
ई–मेल आईडी के पंजीकरण की प्रकिया निम्नलिखित है :–

भौतिक पद्धति	ई–मेल पंजीकृत के लिए कृपया कंपनी/रजिस्ट्रार एंड शेयर ट्रांसफर एजेंट को ई–मेल द्वारा आवश्यक विवरण जैसे फोलियो नंबर, शेयरधारक का नाम, शेयर प्रमाणप की स्कैन की हुई प्रति (आगे और पीछे), पैन (पैन कार्ड की प्रमाणित स्कैन प्रति), आधार (आधार कार्ड की प्रमाणित स्कैन की हुई प्रति) में से किसी एक के साथ विधिवत हस्ताक्षरित फॉर्म आईएसआर –1 में अनुरोध करें।
डीमैट पद्धति	कृपया अपने संबंधित डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट (DP) द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार अपना ई–मेल आईडी और मोबाइल नंबर अपडेट करें।

इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से मतदान की सुविधा से जुड़ी सभी शिकायते श्री राकेश डालवी, सहायक उपाध्यक्ष, (सी.डी.एस.एल) सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड, ए विंग 25वीं तल, मैराथन फयुचरेक्स, मफतलाल मिल कंपाउंड, एन.एम.जोशी मार्ग लोअर परेल (पूर्व) मुंबई–400013 को भेज सकते है या helpdesk.evoting@cdslindia.com को ई–मेल कर सकते है या 18002109911 पर संपर्क कर सकते है।
सेबी ने अपने अद्यतन परिपत्र HO/38/13/11(2)2026-MIRSD-POD/I/3750/2026 दिनांक 30 जनवरी 2026 के माध्यम से निवेशकों को एक विशेष एक वर्ष की अवधि प्रदान की है,जो 05 फरवरी, 2026 से 04 फरवरी, 2027 तक मान्य रहेगी। इस अवधि के दौरान निवेशक उन पुराने भौतिक शेयर ट्रांसफर दस्तावेज को पुनः प्रस्तुत (re-lodge) कर सकते है, जिन्हें मूल रूप से 1 अप्रैल, 2019 से पहले जमा किया गया था, लेकिन कमियों के कारण अस्वीकृत, वापस कर दिए गए या प्रक्रिया में नहीं लाए गए थे।

बोर्ड के आदेश से
विजी फाइनेंस लिमिटेड
स्तुति सिन्हा
कंपनी सचिव व अनुपालन अधिकारी
ए.सी.एस: ४२३७१
दिनांक : 19.10.2026
स्थान : इंदौर

TIRUPATI STARCH & CHEMICALS LIMITED

CIN: L15321MP1985PLC003181
Registered Office: Shree Ram Chambers, 12, Agrawal Nagar Main Road, Indore-452 001 (M.P.) Phone: 0731-4905001, 4905002
E-mail: tirupati@tirupatistarch.com, Website: www.tirupatistarch.com

NOTICE TO SHAREHOLDERS
Regarding Ease of Doing Investment - Special Window for Transfer & Dematerialisation of Physical Securities

The Shareholders are hereby informed that in order to further facilitate the investors to get rightful access to their securities, the SEBI vide its Circular No. HO/38/13/11(2)2026-MIRSD-POD/I/3750/2026 dated January 30, 2026, regarding Special Window for Transfer and Dematerialization of Physical Securities, has decided to open another special window for transfer and dematerialisation ("demat") of physical securities which were sold/ purchased prior to April 01, 2019. This special window shall be open for a period of one year from February 05, 2026 to February 04, 2027. Shareholders are requested to re-lodge such cases, **latest by February 04, 2027**, with the Registrar & Share Transfer Agent (RTA) of the Company **M/s. Ankit Consultancy Private Limited**, 60, Electronic Complex, Pardeshipura, Indore (M.P.)-452010, Contact No.: 0731-4065799, 4065797, 4949444, E-mail: **investor@ankitonline.com**. Please refer the below cited matrix with regards to the applicability of lodgement:

Execution Date of Transfer Deed	Lodged for transfer before April 01, 2019?	Original Security Certificate Available?	Eligible to lodge in the current window?
Before April 01, 2019	No (it is fresh lodgement)	Yes	Yes
Before April 01, 2019	Yes (it was rejected/ returned earlier)	Yes	Yes
Before April 01, 2019	Yes	No	No
Before April 01, 2019	No	No	No

Please note that the request(s) which are accompanied by original certificate(s) along with transfer deeds and relevant supporting documents will only be considered under this special window. The securities so transferred shall be mandatorily credited to the transferee only in demat mode and shall be under lock-in for a period of one year from the date of registration of transfer. Such securities shall not be transferred / lien-marked / pledged during the said lock-in period.

For **Tirupati Starch & Chemicals Limited**
Sourabh Vishnoi (Company Secretary)
M. No.: A57433

Date: **19.10.2026**
Place: **Indore**

VIJI FINANCE LIMITED

CIN : L65192MP1994PLC008715
Regd. Off. : 11/2, Usha Ganj, Jaora Compound, Indore - 452001 (M.P.)
Tel.: (0731) 4246092 **Email:** info@vijifinance.com **Website:** www.vijifinance.com

NOTICE OF POSTAL BALLOT AND REMOTE E-VOTING INFORMATION

